तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कोरबा चांपा एनएच में जानलेवा गड्डे दे रहे हादसों को आमंत्रण



## खबर संक्षेप

### योग एवं संगीत प्रशिक्षक हेतु आवेदन 26 तक

**कोरबा।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिले में संचालित 16 पीएमश्री विद्यालयों में 31 मार्च तक के लिए अंशकालिक खेल/योग एवं प्रशिक्षक हेतु 26 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। योग/खेल प्रशिक्षक हेतु किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम शारीरिक शिक्षा या योग शिक्षा में स्नातक डिग्री तथा संगीत प्रशिक्षक हेतु किसी मान्या प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से संगीत में स्नातक की डिग्री या समकक्ष योग्यता अनिवार्य है। प्रशिक्षकों को न्यूनतम मानदेय राशि रूपये 10 हजार मात्र प्रदान किया जायेगा। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपरोक्त पद हेतु इच्छुक आवेदकों के आवेदन पत्र 26 अक्टूबर शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा कोरबा, क्रेडा आफिस के उपर प्रथम तल में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। आवेदक जिले में संचालित प्रत्येक पीएमश्री स्कूल हेतु पृथक-पृथक आवेदन, पृथक-पृथक लिफाफे में करना होगा।

### सहकारी समिति की सदस्यता सूची का अंतिम प्रकाशन 25 को

**कोरबा।** आदर्श आदिवासी कोसा कृमि पालन उद्योग सहकारी समिति मर्यादित कुदरीखार पंजीयन क्रमांक 1 का सदस्यता सूची का प्रकाशन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें आगामी 17 अक्टूबर को सूचना पत्र जारी किया जाएगा। सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन 18 अक्टूबर को किया जाएगा। इसी प्रकार 19 से 25 अक्टूबर तक आपत्ति प्राप्त करने एवं निराकरण हेतु तिथि निर्धारित है एवं सदस्यता सूची का अंतिम प्रकाशन 25 अक्टूबर को किया जाएगा।

### कलेक्टर ने बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने के दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के सभी शासकीय विभागों में कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन अनुशासन और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी का समय पर उपस्थित रहना आवश्यक है। कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीनें सुचारू रूप से संचालित रहें और प्रतिदिन कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि समयपालन शासन की प्राथमिकता है, इसलिए बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

### मेजर ध्यानचंद चौक से बालको तक सड़क निर्माण हेतु निविदा प्रक्रियाधीन

**कोरबा।** अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग संभाग कोरबा ने रिस्दी चौक मार्ग से बालको की सड़क की समस्या के सम्बंध में बताया कि मेजर ध्यानचंद चौक से बालको होते हुए रिस्दी चौक मार्ग की कुल लंबाई 9 किलोमीटर है, जो कि बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में शामिल था। जिसके अंतर्गत ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक की प्रशासकीय स्वीकृति कार्यालय जिला खनिज न्यास कोरबा द्वारा आदेश 17 मई एवं तकनीकी स्वीकृति मेजर ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक एवं रिस्दी रिस्दी चौक तक राशि 2598.47 लाख लंबाई 5.74 कि.मी. 9 सितम्बर को प्राप्त हुआ। रिस्दी चौक मार्ग के चैनेज 8730 में हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 6 जून को उक्त मार्ग में कार्य संपादित कराए जाने की अनुमति प्राप्त हुयी है एवं वर्तमान में कार्य की निविदा प्रक्रियाधीन हैं, निविदा उपरांत कार्यादेश होते ही मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। उन्होंने रिस्दी चौक में जल जमाव व पानी निकासी की समस्या के बारे में जानकारी दी है कि निर्माण कार्य के प्राक्कलन में पानी निकासी हेतु एवं जलजमाव के निराकरण हेतु उचित प्रावधान लिया गया है।

## दो वर्ष के छात्र त्यौहार में हुए स्कॉलरशिप से वंचित

# इंटर्नशिप कर रहे मेडिकल छात्रों को दो माह से नहीं मिली स्कॉलरशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




स्व बिसाहूदास मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों को बीते दो माह से डीएमएफ से मिलने वाला स्कॉलरशिप नहीं मिला है। लगभग 30 से अधिक छात्र दशहरा और दीवाली जैसे त्यौहार में भी स्टॉयफन जैसी सुविधा से वंचित रह गये। इन छात्रों में अन्य राज्यों के भी छात्र शामिल हैं। जिनमें अधिकांश शहर में ही किराये के भवन में रहते हैं।

जिले में भी मेडिकल कॉलेज की शुरुआत एक बेहतर और अच्छी चिकित्सा सुविधा आम जनता को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। इसी के मद्देनजर विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ सुविधाएं बढ़ाई गई। मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग स्वीकृत हुई। कोरबा के मेडिकल कॉलेज में भविष्य को देखते हुए अन्य राज्यों के मेडिकल छात्रों ने एमबीबीएस करने के बाद एक वर्ष का इंटर्नशिप करने के लिए बिसाहूदास मेडिकल कॉलेज को चुना। बीते वर्ष लगभग 30 छात्रों ने अपनी ज्वाईनिंग दी थी। वहीं इस वर्ष लगभग 60 छात्रों ने इंटर्नशिप करने के लिए ज्वाईनिंग दी जिन्हें इंटर्नशिप करने के लिए 16 से 20 हजार रुपए स्टॉयफन के रुप में दिये जाने का प्रावधान है। यह राशि डीएमएफ से मेडिकल कॉलेज को जारी की जाती है और जो स्टॉयफन के रुप में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों को दी जाती है। जो बीते अगस्त माह से इन्हें नहीं मिली है। जिससे इन छात्रों के सामने एक आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। ऐसे छात्र जो शहर के ही विभिन्न हिस्सों में किराये के मकान में रहते हैं।

**खास बात**

- डीएमएफ से जारी होती है स्कॉलरशिप की राशि

**ट्रेजरी में भेज दिया गया है**

मेडिकल कॉलेज कोरबा में इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को दी जाने वाली स्टॉयफन राशि का बिल ट्रेजरी में भेज दिया गया है। वहां रुका हुआ होगा। किन कारणों से रुका हुआ है इसकी जानकारी लेंगे।

एमएस सहारे, डीन, मेडिकल कॉलेज कोरबा

**अन्य राज्यों का छात्र हो रहे परेशान**

मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों को अधिकांश गुजरात, राजस्थान, उत्तरप्रदेश के छात्र शामिल हैं। इन राज्यों के छात्रों के सामने सबसे बड़ी समस्या पैसे की आ रही है। दशहरा और दीवाली जैसे त्यौहारों में भी इन राज्यों के छात्रों को दो माह का स्टॉयफन न मिलने के कारण घर से पैसे मंगाने की मजबूरी हो गई है। मेडिकल कॉलेज कोरबा में भविष्य का सपना संजोए इंटर्नशिप करने वाले छात्रों के सामने आर्थिक समस्या ने उनका मनोबल तोड़ दिया है।

**इंटर्नशिप करने वाले छात्रों की संख्या 60 से अधिक**

मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप करने वाले छात्रों की संख्या 60 से अधिक पहुंच गये हैं। इनमें सीनियर को 20 हजार रुपए एवं वर्तमान में ज्वाईन करने वाले छात्रों को 15 से 16 हजार तक का स्टॉयफन दिया जाता है। एक वर्ष का इंटर्नशिप पूरा करने के बाद छात्र जेआरएफ में शामिल हो जाते हैं उनके बाद स्टॉयफन की राशि बढ़ जाता है।

# एसईसीएल की कॉलोनियों में बाहरी लोगों का कब्जा, प्रबंधन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

एसईसीएल दीपका क्षेत्र के विभागीय क्वार्टर अब प्रबंधन के चहेतों, रिश्तेदारों, ठेकेदारों व बाहरी लोगों के लिए आरामगाह बन चुके हैं। ये वही आवास हैं जो कोल कर्मियों के लिए बनाए गए थे, लेकिन अब वहां ऐसे लोग रह रहे हैं, जिनका एसईसीएल से दूर दूर तक का कोई लेना-देना नहीं।

जानकारी के मुताबिक दीपका प्रबंधन ने अपने रसूखदार परिचितों को खुश करने के लिए आवास नियमों को कूड़ेदान में फेंक दिया है। विधायक प्रतिनिधि, ठेकेदार जिनका कोई ठेका नहीं है और बाहरी इलाके के शिक्षक सभी को विभागीय अधिकारियों की मौन स्वीकृति से आवास दे दिए गए। सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी सामने आई। दस्तावेज़ों के मुताबिक 39 बाहरी लोगों को विभाग से बाहर होकर भी आवास दिए गए हैं। 37 क्वार्टरों पर बेजा कब्जा है। अब सवाल यह है कि जब प्रबंधन खुद जानता है कि आवासों पर अवैध कब्जा है, तो कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। क्या दीपका की आवासीय कॉलोनियों में अब आवास आबंटन का नियम लागू नहीं होता। इसे लेकर कर्मचारी संगठनों में नाराजगी व्याप्त है। उनका आरोप है कि प्रबंधन ने कर्मचारियों के हक पर डाका डाला है, जो लोग सालों से प्रतीक्षा सूची में हैं, वे बाहर रह रहे हैं।

**खास बात**

- अधिकारियों की स्वीकृति से दीगर लोगों को किया गया है आवास का आबंटन

# इलेक्ट्रिक ऑटो चालकों की बढ़ी मुश्किलें, नहीं मिल रहे पार्ट्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बैठक के दौरान इलेक्ट्रिक ऑटो चालक।

जिले के इलेक्ट्रिक ऑटो चालकों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है। ऑटो के पार्ट्स की अनुपलब्धता और सब्सिडी में देरी के कारण चालकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस मुद्दे को लेकर टीपी नगर स्थित जिला ऑटो संघ कार्यालय में चालकों और पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें समस्याओं के समाधान की दिशा में कदम उठाने का निर्णय लिया गया। परसाभाठा बालको क्षेत्र के चालक त्रिलोक साहू ने बताया कि उन्होंने तीन साल पहले महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटो खरीदा था, लेकिन पार्ट्स की कमी के कारण उनका ऑटो खड़ा है। उन्होंने 500 रुपये एडवांस जमा किए, फिर भी पार्ट्स नहीं मिले, जिससे उनकी आजीविका पर असर पड़ा है। इसी तरह, चालक अमित कुमार प्रजापति ने बताया कि उन्हें तीन साल पहले ऑटो खरीदने पर 30 हजार से 32 हजार रुपये की सब्सिडी का आश्वासन दिया गया था, जो अब तक नहीं मिली। कई चालक इस समस्या से जूझ रहे हैं और बार-बार एजेंसी के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जिला ऑटो संघ के सदस्य श्याम दास गुरुजी ने बताया कि चालकों की शिकायतों पर महिंद्रा कंपनी के मैनेजर और अधिकारियों से बात की गई है। कंपनी ने जल्द ही पार्ट्स उपलब्ध कराने और सब्सिडी की प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया है। महिंद्रा कंपनी के मैनेजर विरेंद्र पाटील ने फोन पर बताया कि सब्सिडी से संबंधित कागजी कार्रवाई शासन को भेज दी गई है और चालकों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। जिले में वर्ष 2022 से इलेक्ट्रिक ऑटो की शुरुआत हुई थी और वर्तमान मंट 500 से अधिक चालक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। चालकों ने प्रशासन और कंपनी से त्वरित कार्रवाई की मांग की है, ताकि उनकी आजीविका पर मंडरा रहा संकट दूर हो सके।

**खास बात**

- पार्ट्स की कमी और सब्सिडी में देरी से रोजी रोटी पर गहराया संकट

### 10 दिसम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले में 10 दिसम्बर शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा जिले में 21 अक्टूबर गोवर्धन पूजा के स्थानीय अवकाश को निरस्त करते हुए शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर को कोरबा हेतु स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# शहीदों के सम्मान के साथ मना पुलिस स्मृति दिवस


शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते उद्योग मंत्री, पूर्व गृहमंत्री, कलेक्टर, महापौर, एसपी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद पुलिस जवानों को नमन करने पूरा प्रशासनिक तंत्र एकजुट हुआ। यह दिवस उन अमर वीरों की स्मृति में मनाया जाता है जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और शांति के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे शोक सलामी के साथ हुआ। पुलिस जवानों ने सधे कदमों से अपने शहीद साथियों को नमन किया, जिससे पूरा वातावरण गौरव और भावनाओं से भर गया। इसके पश्चात अमर जवान स्मृति स्थल पर आयोजित मुख्य श्रद्धांजलि समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, कलेक्टर अजीत बसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को साल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं गया है, उनका साहस और समर्पण हर भारतीय के दिल में सदा जीवित रहेगा। महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा शहीदों के परिवारों के प्रति नगर निगम सदैव संवेदनशील रहेगा। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनके योगदान को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहीद परिजन, पुलिस अधिकारी, जवान, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**खास बात**

- पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने हेतु आवेदन 30 तक

**कोरबा।** परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा जिला कोरबा अन्तर्गत शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को 1 माह तक रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण सेवाएं देने हेतु जिले के जुड़ो, कराटे, ताईक्वाडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष प्रशिक्षको से आवेदन मंगाया गया है। महिला प्रशिक्षकों को पहले प्राथमिकता दी जायेगी। इच्छुक प्रशिक्षक निर्धारित प्रारूप में उक्त विधा से संबंधित वांछित दस्तावेजों के साथ जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कार्यालय कोरबा में 30 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते हैं।




# उद्घाटन और लोकार्पण के 11 महीने बाद अब खिलाड़ियों से गुलजार होगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स

**सुविधा**

## आनन फानन में करा दिया उद्घाटन, 11 महीने बाद भी नहीं शुरू हुई खेल गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुंगेली नाका स्थित संजय तरण पुष्कर परिसर में 14.60 करोड़ की लागत से बना अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जल्द ही खिलाड़ियों से गुलजार होगा। यहां ट्रांसफार्मर लग गया है तो इसकी चार्जिंग भी की जा रही है। इसके साथ ही जिम संचालन का टेंडर भी फाइनल कर दिया गया है। अगले कुछ दिनों में यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खिलाड़ियों के हवाले हो जाएगा और खेल गतिविधियां शुरू हो जाएंगी।

- फिलहाल लाखों रुपए के उपकरण और खेल सामग्री धूल खा रही, महंगे सामान हो रहे हैं

फिलहाल उद्घाटन और लोकार्पण के 11 महीने बाद भी खिलाड़ियों को इंतजार करना पड़ रहा है। 23 नवंबर 2024 को उद्घाटन के बाद से यह बंद पड़ा है और यहां खेल गतिविधियां शुरू नहीं हो पाई हैं। यहां रखे लाखों रुपए के उपकरण और खेल सामग्री धूल खा रही हैं। बिना उपयोग के यह महंगे सामान धीरे-धीरे खराब हो रहे हैं। करीब साल भर बाद भी इनडोर मैदान, जिम और स्विमिंग पुल जैसे महत्वपूर्ण विभाग बंद पड़े हैं। बैडमिंटन, टेबल टेनिस के सामान तो डिब्बों में ही पैक हैं।

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेल गतिविधियां शुरू नहीं होने की शिकायत के बाद पिछले दिनों कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम आयुक्त अमित कुमार ने निरीक्षण किया था। कलेक्टर ने जल्द से जल्द स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। अब कहा जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में यहां खिलाड़ी खेल सकेंगे।

### बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही

दूसरी ओर कॉम्प्लेक्स में अब जाकर थ्री-फेज बिजली कनेक्शन मिल सका है, जिससे बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित नहीं होने की बात कही जा रही है। दरअसल यहां पहले से केवल एलटी लाइन उपलब्ध थी, जो अधिक लोड सहन नहीं कर पा रही। इस कारण स्विमिंग पुल समेत अन्य सुविधाएं चालू नहीं हो पाई हैं। इस बारे में स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है कि थ्री फेज लाइन लगाने के लिए सीएसईबी को आवेदन दिया गया था। इसका काम पूरा हो चुका है। ट्रांसफार्मर लगने के बाद इसे चार्ज किया जा रहा है।



### गुजरात से आया है बैडमिंटन कोर्ट का डोम

इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की दूसरी मंजिल पर दो इंडोर बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए। इस कोर्ट में टिन का एक शेड लगाया गया है जिसे डोम कहा जाता है। इस डोम को चढ़ाने के लिए 150 टन का भारी क्रेन मंगाया गया तब जाकर इसे फिट किया जा सका। डोम की कीमत भी करीब 25 लाख है जो कि गुजरात से मंगाया गया है।

### जल्द शुरू होंगी खेल गतिविधियां

थ्री फेस लाइन के साथ ट्रांसफार्मर लग गया है तो इसकी चार्जिंग भी की जा रही है। इसके साथ ही जिम संचालन का टेंडर भी फाइनल कर दिया गया है। अगले कुछ दिनों में यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खिलाड़ियों के हवाले हो जाएगा और खेल गतिविधियां शुरू हो जाएंगी।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

### क्लब की तर्ज पर बना है काम्प्लेक्स

खिलाड़ियों के लिए बने इस स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स को पूरी तरह क्लब की तर्ज पर बनाया गया है। तीन मंजिला इस कांप्लेक्स में बेसमेंट में पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन और रेस्टोरेंट के साथ बार भी संचालित किया जाएगा। प्रथम तल में खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन,स्क्वैश और टेबल टेनिस कोर्ट बनाया गया है। द्वितीय तल में इंडोर गेम्स का संचालन होगा। काम्प्लेक्स के तीसरे माले में एक सर्व सुविधायुक्त जिम बनाया गया है जहां शहरवासी एक्सरसाइज और अन्य फिजिकल वर्क कर सकेंगे। बेसमेंट में पार्किंग के साथ योगा सेंटर, जिम्नेशियम, कैंटिन व स्टोर रूम रहेगा। इसके साथ ही अतिरिक्त रूम, हॉल, महिला-पुरुष टॉयलेट, दोनों छोर पर सीढ़ियां, बीच में इंट्री लॉबी और प्रवेश-निकासी द्वार भी है। इंट्रेंस लॉबी के साथ 200 से अधिक दर्शक क्षमता वाला सिटिंग स्टेप, कॉरिडोर,एक मल्टी पर्पज हॉल, एक कॉरिडोर व दोनों तरफ टॉयलेट ब्लॉक की सुविधा भी होगी।

**खबर संक्षेप**

### करंट से इलेक्ट्रीशियन की मौत, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** एक मकान में झालर लगाते समय 11 हजार केवी तार की चपेट में आने से इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, कोनी निवासी विजय जोशी पिता गूगल दास जोशी इलेक्ट्रीशियन का काम करते थे। 18 अक्टूबर को वह कोनी निवासी किराना दुकान संचालक सुरेश गढ़ेवाल के घर में झालर लगाने का काम कर रहे थे। तीसरी मंजिल के ऊपर के सामने से गुजरे 11 हजार केवी हाईटेंशन तार के करंट लगने से उनकी मौत हो गई। जांच के बाद पुलिस ने मकान मालिक सुरेश कुमार गढ़ेवाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### झपट्टा मारकर 40 हजार के मोबाइल की लूट

**बिलासपुर।** झपट्टा मारकर एक व्यक्ति की जेब से 40 हजार का मोबाइल लूटकर एक युवक भाग गया। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, विनोबा नगर निवासी देवेन्द्र मोहन शर्मा 20 अक्टूबर की रात 12.45 बजे पुराना बस स्टैण्ड चौक पूजा फूल लेने गए थे। सामने शर्ट की जेब में 40 हजार रुपए का मोबाइल रखा था। फूल लेने के दौरान एक व्यक्ति झपट्टा मारकर उनकी जेब से मोबाइल लूटकर भाग गया। पुलिस ने श्री शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अजा वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाई करने का मौका

**बिलासपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की श्रेष्ठ योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निजी आवासीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों से 30 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा नेट्स के माध्यम से किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश की परीक्षा दिसम्बर 2025 में संभावित है। प्रतिवर्ष लगभग 3 हजार नए विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। चयनित विद्यार्थी कक्षा 12वीं तक की शिक्षा निजी विद्यालय में पूरा करते है। एनटीए की वेबसाईट में इस योजना के संबंध में और विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**पुल पर आवारा मवेशी...**



**बिलासपुर।** तोरवा से राजकिशोर नगर के बीच बने पुल पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा रहता है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।

## अलग अलग घटनाओं में चार लोगों पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीपावली में अलग अलग घटनाओं में चार लोगों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, बड़ी कोनी सांई मंदिर निवासी मुकेश यादव 20 अक्टूबर की रात 11 बजे मंदिर के पास खड़े थे। इसी दौरान लल्ला उर्फ हेम सिंह पैसे की लेनदेन को लेकर उससे विवाद कर गाली देने लगा। गाली देने से मना करने पर जेब से चाकू निकालकर मुकेश यादव के पेट में हमला कर दिया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना सिरगिट्टी में राजश्री फैक्ट्री में काम करने वाला मनोज अगरिया अपने साथियों के साथ पैदल रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। रात 12 बजे अज्ञात युवक रास्ते में मिले और गाली गलौज करना शुरू कर दिया। राजेश सिंह ने विरोध किया तो युवकों ने चाकू से राजेश सिंह व मनोज अगरिया पर हमला कर दिया। दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना में सकरी क्षेत्र के ग्राम घुरू निवासी स्वीकार श्रीवास को



घेरलू विवाद में उसके बड़े पिता का बेटा कपिल श्रीवास ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। घायल स्वीकार श्रीवास को इलाज के सिम्स में भर्ती कराया गया है। चौथी घटना में सकरी निवासी राजेश्वरी सूर्यवंशी ने बताया, वह घर में साफ सफाई कर रही थीं। उनके पति गोपाल घर के सामने बैठे थे। इसी दौरान निरंजन व छोटू गाली गलौज कर रहे थे। उनके पति ने गाली देने से मना किया तो दोनों मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। घायल गोपाल सूर्यवंशी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### आतिशबाजी करने से मना करने पर छात्र से मारपीट

**बिलासपुर।** देर रात घर के पास आतिशबाजी करने से मना करने पर नशेड़ी युवकों ने छात्र के साथ जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार चटर्जी गली निवासी सिद्धार्थ शर्मा पिता जयप्रकाश शर्मा ला की पढ़ाई कर रहे हैं। 22 अक्टूबर की रात 1.45 बजे कुछ लोग तेज आवाज में आतिशबाजी कर रहे थे। जिससे उनके घर के सिनियर सिटीजन को तकलीफ हो रही थी। वे बाहर निकलकर युवकों को आतिशबाजी करने से मना कर अंदर चले गए। उसके बाद भी युवक तेज आवाज में पटाखा फोड़ने लगे। वे बाहर निकलकर मना किया तो रिशु ठाकुर, राज व उनके साथी रोकने वाले कौन होते हो कहकर जान से मार देंगे कहकर हाथ मुक्का व बांस के डंडे से मारपीट करने लगे। चिल्लाने की आवाज सुनकर उनका बड़ा भाई स्वप्नील शर्मा बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई और सभी युवक नशे में थे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तह जुर्म दर्ज कर लिया है।

## आवासीय भूमि पर हो गया व्यावसायिक निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम नोटिस नोटिस खेलते रह गया और विनोबा नगर क्षेत्र में आर 1 गली में आवासीय भूमि पर व्यावसायिक अवैध निर्माण कर लिया गया। इस बेजा कब्जाधारी ने प्रशासन के आदेश की अवमानना करते हुए सड़क की जमीन का घेराव कर 2 फीट आगे बढ़कर दीवार उठा ली है । ज्ञात हो कि 15 अक्टूबर को प्रशासन के नगर निगम जोन कमिश्नर द्वारा नोटिस भी दिया गया था। इसका लेकिन कोई असर इस कब्जाधारी राजेश मिश्रा द्वारा पर नहीं हुआ।

अब यहां अंदर गली में रहने वाले करीब 75 मकान के परिवारों को किसी भी दुर्घटना का सामना करना पड़ सकता है।



विनोबा नगर क्षेत्र में किया गया अवैध निर्माण।

इस दीवार की वजह से एक यहां पर अंधा मोड़ बन गया है और किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रीत कर रहा है। बुधवार को आर 1 गली के रहवासियों ने जोन कमिश्नर , नगर निगम नगर निगम आयुक्त एवं कलेक्टर से मुलाकात की और इस पर कार्यवाही करने की मांग की है। सबसे बड़ी बात की सभी अधिकारियों ने इस बात को स्वीकार भी किया के यह निर्माण अवैध है और इसकी किसी प्रकार की लिखित अनुमति राजेश मिश्रा द्वारा नहीं ली गई है, पर चूंकि यह मामला एक दिशा निर्देश के अनुसार चलता है, जिसमें कारवाई के लिए 3 दिन का नोटिस दिया जाता है फिर किसी संतोषजनक जवाब न मिलने पर ही कार्रवाई की जा सकती है। इस पूरे मामले को लेकर आर 1 गली के निवासियों में भारी आक्रोश है और जल्द ही कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## नेशनल हाइवे में रील बनाने वाले 18 युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** नेशनल हाइवे में बाइक खड़े कर रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने वाले 18 युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर 9 गाड़ी जब्त किया है, युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। सकरी पुलिस के अनुसार, 20 अक्टूबर को लोखण्डी के 18 युवकों ने नेशनल हाइवे ब्रिज के पास बाइक खड़े कर दीपावली का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। रील बनाने के दौरान आवागमन बाधित हो गया और लोग जाम में फंसकर हलाकन होने लगे। पुलिस ने कोटवार रविदास मानिकपुरी की रिपोर्ट पर रील बनाने वाले लोखंडी निवासी शिवा साहू, राकेश पटेल, मनीष साहू, डायमंड पटेल, राजा पटेल, शुभम निर्मलकर, दुर्गेश पटेल, रोहित पटेल, दिलमोहन पटेल, छोटू पटेल, अरमान पटेल, चंद्रशेखर पटेल विक्की मोनू, नवीन पटेल, संजू पटेल, अंकित पटेल, दिलेश्वर पटेल, मनीष साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 126, 2, 285, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर 9 गाड़ी जब्त कर युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सैलानियों के लिए बेरियर बंद फिर भी एटीआर के अंदर घुस रही गाड़ियां

**बिलासपुर।** बारिश के मौसम में जुलाई से अक्टूबर चार माह तक अचानकमार टाइगर रिजर्व के शिवतराई में लगाए गए बेरियर और कोर जोन की एंट्री एटीआर प्रबंधन बंद कर देती है। एक नवम्बर को गेट ओपन करने के लिए अभी 9 दिन शेष बचे हुए हैं, लेकिन बिना गेट ओपन किए एटीआर के जंगल में बेधड़क चार पहिया और दो पहिया की एंट्री हो रही है, जिसपर लगाम लगाने वाला कोई भी नहीं है।

जंगल में रहने वाले मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों की ब्रिडिंग का समय बारिश के मौसम में रहता है। विशेषकर अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में भ्रमण करने के लिए जाने वाले सैलानियों



को सबसे अधिक मुश्किल बरसात के दिनों में रहती है, क्योंकि कोर जोन का कच्चा रास्ता काफी खराब होने के कारण जिप्सी भी नहीं निकल सकती है। एटीआर प्रबंधन प्रतिवर्ष जुलाई माह से लेकर अक्टूबर चार माह तक कोर जोन में सैलानियों का भ्रमण बंद कर देता है। सैलानियों के नहीं पहुंचने के कारण जिप्सी चलाने वाले समिति के लोगों का भी बेरोजगार चार माह तक थम जाता है। एटीआर के अधिकारी इसके लिए नियम भी बनाते हैं, जिसमें शिवतराई में लगाए गए बेरियर को केवल विस्थापित ग्रामीणों के अलावा अधिकारी और कर्मचारी ही पार कर सकते हैं। इस नियम को बनाने के बाद खुलेआम धज्जियां भी उड़ाई जा रही है। यहां लगाए गए बेरियर सभी के लिए ओपन कर दिए गए हैं। बेरियर का कोई भी औचित्य लोगों के लिए नहीं हैं। मौजूद स्टाफ के सामने बेरियर से चार पहिया और दो पहिया वाहन खलेआम जंगल के अंदर जाकर फर्राटा मार रहे हैं। वहीं शराबखोरी के साथ पिकनिक का भी भरपूर आनंद उठाया जा

## खेलते खेलते गिरने से बच्ची की आंख में घंटी घुसी, रायपुर में भर्ती

खेलते समय से 10 साल की बच्ची गिर गई, जिससे आंख में घंटी घुस गई। परिजन उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर आए, जहां प्राथमिक इलाज के बाद रायपुर रिफर कर दिया। परिजन के द्वारा रायपुर में बच्ची का इलाज करा रहे हैं।

सिम्स से मिली जानकारी अनुसार, मस्तूरी निवासी काव्या सिंह पिता दीपक सिंह 10 साल दीपावली की रात घर में खेल रही थी। घरवाले पूजा की तैयारी में लगे थे। पूजा कमरे के पास खेलते खेलते काव्या गिर गई, जिससे उसकी आंख घंटी घुस गई। बच्ची को खून से लथपथ देखकर घर में मातम छा गया। आनन फानन में परिजन बच्ची को इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। यहां प्राथमिक इलाज के दौरान एक्सरे और सिटी स्कैन कराया गया। घंटी आंख की झिल्ली के साथ ही मस्तिष्क तक पहुंच गई थी। न्यूरी सर्जरी की आवश्यकता होने पर बच्ची को रायपुर रेफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा काव्या को इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पटाखे से जले 40 लोग

दीपावली की रात पटाखा फोड़ने के दौरान जलने से लोगों को सिम्स में इलाज के लिए आने का दौर शुरू हो गया था। देर रात तक पटाखा में जलने से 40 लोग आए थे, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। इसी तरह जिला अस्पताल में 20 लोग पटाखा में जलने से इलाज कराए आए थे।

## सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य आपात मामलों का सिम्स में तत्परता से उपचार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयु विज्ञान संस्थान सिम्स में दीपावली के अवसर पर 20 एवं 21 अक्टूबर को विभिन्न आपात स्थितियों में आए मरीजों का त्वरित उपचार किया गया। 20 अक्टूबर को सड़क दुर्घटना रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट के 12 मामले, मारपीट के 5 मामले तथा 1 जलने का मामला सामने आए। वहीं 21 अक्टूबर को सड़क दुर्घटनाओं के 12 मामले, मारपीट के 4 मामले एवं 3 जलने के मामले सिम्स में उपचार हेतु भर्ती किए गए। सभी मरीजों का उपचार सिम्स चिकित्सालय में किया जा रहा है। सिम्स प्रशासन के अनुसार, इस वर्ष दिवाली पर्व के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में गंभीर मामलों की संख्या कम रही है। क्षेत्र की कुछ घटनाओं को छोड़कर कोई अत्यधिक गंभीर मामला दर्ज नहीं हुआ है। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि दीपावली के समय सड़क दुर्घटनाओं एवं जलने जैसी घटनाओं की संभावना को देखते हुए सिम्स प्रशासन ने पहले से ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली थीं। प्रत्येक वार्ड और इमरजेंसी विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया था।

## लमेर के फार्महाउस में जुआ खेलते पकड़े गए 9 सब्जी व्यापारी, 70 हजार रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीपावली के दूसरे दिन पुलिस ने लमेर के फार्म हाउस में छापा मारकर जुआ खेलते 9 सब्जी व्यापारियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 69 हजार 300 रुपए, 3 कार, 10 मोबाइल जब्त किया गया है।

21 अक्टूबर को कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग को सूचना मिली कि लमेर स्थित संतोष कश्यप के फार्म हाउस में बिलासपुर के जुआरी आकर जुआ खेल रहे हैं। श्री नवरंग ने थाने के स्टाफ के साथ फार्म हाउस में घेराबंदी करते हुए अंदर दबिश देकर जुआ खेलते गिरीश कश्यप पिता ध्रुव कश्यप 50 साल इमलीपारा, उधो कश्यप पिता जगन्नाथ कश्यप 57 साल तेलीपारा, मनोज कश्यप पिता रामशंकर कश्यप 36 साल कुदूदण्ड, मिश्रीलाल कश्यप पिता



पकड़े गए जुआरी।

महादेव कश्यप 70 साल तेलीपारा, कमलेश कश्यप पिता जियालाल कश्यप 49 साल मंगला, चंद्रकांत शर्मा पिता बद्रीप्रसाद शर्मा 56 साल कश्यप कालोनी, संतोष कश्यप पिता विषभर कश्यप 47 साल तेलीपारा, राम पटेल पिता पिताम्बर पटेल 43 साल मौहारखार निरतू, विजय सिंह ठाकुर पिता जीवन सिंह ठाकुर 43 साल रपटा चौक चांटीडीह निवासी को पकड़ लिया है। उनके पास से 69 हजार 300 रुपए, 3 कार, 10 मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया ।

### शहर में पकड़े गए 88 जुआरी

दीपावली में जुआरियों पर पुलिस की विशेष नजर थी। कोतवाली पुलिस ने 20 जुआरियों से 13 हजार 190 रुपए, सरकण्डा ने 3 जुआरियों से 3200, तोरवा ने 3 जुआरियों से 800, सकरी ने 18 जुआरियों से 3 हजार 930 रुपए, सिविल लाइन ने 44 जुआरियों से 25 हजार 690 रुपए जब्त किया है। कोनी व तारबाहर पुलिस ने जुआ पर एक भी कार्रवाई नहीं की है।

## कालेजों में होगी 3 नवंबर से पूरक परीक्षा

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा बीए, बीएससी, बीएचएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए भाग-दो व तीन के पूरक घोषित परीक्षार्थियों के लिए 3 नवंबर से पूरक परीक्षा आयोजित की जाएगी। बिना विलंब शुल्क के साथ आनलाइन पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि 20 अक्टूबर को समाप्त हो गई है। अटल यूनिवर्सिटी पहले पूरक परीक्षा 13 अक्टूबर से आयोजित करने वाली थी। लेकिन पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के नतीजे नहीं आ पाए थे इसलिए यूनिवर्सिटी को पूरक परीक्षा तिथि आगे बढ़ानी पड़ी। वैसे भी कालेज वाले एवं छात्रों द्वारा दीपावली त्यौहार के बाद पूरक परीक्षा आयोजित करने मांग की जा रही थी। इसलिए अटल यूनिवर्सिटी ने 3 नवंबर से पूरक परीक्षा आयोजित



करने का निर्णय लिया है। पूरक परीक्षा तिथि बढ़ने के कारण पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि में दो बार बढ़ाई जा चुकी है। पहले पूरक परीक्षा फार्म आनलाइन भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक थी, जिसे बढ़ाकर 15 अक्टूबर की गई थी। इसके बाद पूरक परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाकर बिना विलंब शुक्ल के साथ 20 अक्टूबर तक कर दी गई थी। इसी तरह पूरक परीक्षार्थियों द्वारा भरे गए आनलाइन पूरक परीक्षा फार्म की हार्डकापी आनलाइन शुल्क भुगतान की रसीद एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित कालेज में 24 अक्टूबर तक जमा करना होगा। इसी तरह कालेजों को सारे दस्तावेज विधिवत अग्रेषित यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग में 28 अक्टूबर तक जमा कराना होगा।

## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा से श्रीमद देवी भागवत कथा का शुभारंभ

**कोरबा।** पंडित रविशंकर शुक्ल नगर में 22 से 30 अक्टूबर तक संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन भूपेंद्र सिंह पंवार और श्रीमती विंध्यवासिनी पंवार द्वारा किया जा रहा है। आचार्य पंडित जनार्दन प्रसाद दुबे द्वारा कथा सुनायी जाएगी। बुधवार को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। 23 अक्टूबर को हयग्रीव अवतार कथा और कौरव-पांडव उत्पत्ति कथा, 24 अक्टूबर को भुवनेश्वरी देवी कथा और देवी मंत्र महात्म्य कथा, 25 अक्टूबर को वृत्तासुर कथा और वृत्ततनिहन्ति देवी कथा, 26 अक्टूबर को सरस्वती पूजन और हैहयवंशी राजाओं की कथा, 27 अक्टूबर को भगवान श्री कृष्ण के चरित्र का वर्णन, 28 अक्टूबर को श्री दुर्गा देवी कथा और देवी के अन्य अवतारों की कथा, 29 अक्टूबर को सदाचार वर्णन और गायत्री मां की महिमा, 30 अक्टूबर, गीता पाठ, तुलसी वर्षा, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा, कुमारी भोजन, ब्राह्मण भोजन और विसर्जन किया जाएगा।

### अभिनेता असरानी को एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल ने दी श्रद्धांजलि



**कोरबा।** हास्य अभिनेता असरानी के निधन पर ग्राम खरहरकुड़ा मड़वारानी में संचालित नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल में भी शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल ने फिल्म अभिनेता असरानी के निधन पर शोक प्रकट करते हुये बताया कि 19 अप्रैल को असरानी स्कूल पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने सभी बच्चों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों को शुभकामना देते हुये महिलाओ एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लायन सदस्यों व गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया। श्री असरानी ने स्कूल का भ्रमण करते हुये कहा था कि यह स्कूल स्व.नितेश कुमार अग्रवाल की स्मृति में संचालित किया जा रहा है जिससे मैं बहुत ही प्रभावित हूं। शिक्षा से बड़ा कोई दान या धर्म नही होता आज इस ग्रामीण अंचल में संचालित स्कूल निश्चित ही कई किर्तीमान रचेगा। उनके इन बातों से स्कूल परिवार को काफी सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त हुई। स्व.श्री असरानी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये शोक व्यक्त किया गया।

## निधन

### शैलेन्द्र सिदार



कोरबा। शहर के सीएसईबी कॉलोनी पथर्रीपारा के एनएफ-32 निवासी शैलेन्द्र सिदार का सोमवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। 33 वर्षीय शैलेन्द्र जिला एवं सत्र न्यायालय में पदस्थ थे और मड़वा प्रोजेक्ट में पदस्थ सीएसईबी कर्मी सनत सिदार के छोटे भाई थे। वे अपने पीछे माता, भाई-भाभी, भतीजा-भतीजी, भांजी समेत परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गए। उनके निधन पर जिला न्यायालय परिवार ने शोक व्यक्त किया है।

### बालकेश सिंह



**कोरबा।** घुडदेवा कॉलोनी निवासी बालकेश सिंह (82 वर्ष) का निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सुराकछार में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### राजाराम बघेल



**कोरबा।** प्रेमनगर भैरोताल निवासी राजाराम बघेल का मंगलवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र पुत्री सहित भरा पूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिवार परिजन सहित आसपास के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## जिले में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया दीपावली का पर्व, दूसरे दिन घर घर हुई गोवर्धन पूजा

# रंगोली से सजे घर आंगन, शुभ मुहूर्त पर हुई लक्ष्मी पूजा, जमकर आतिशबाजी



दीपावली पर दीप प्रज्जवलित करती महिला।



फूलझड़ी जलाती बच्ची।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्तिक माह का प्रमुख त्यौहार दीपावली का त्यौहार सोमवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हर घर के आंगन आकर्षक रंगोली से सजे नजर आये। वहीं शुभ मुहूर्त पर लोगों ने लक्ष्मी पूजा करने के बाद जमकर आतिशबाजी की। देर रात तक पटाखे फोड़ने का सिलसिला शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जारी रहा। इस दौरान लोग एक दूसरे के घरों में पहुंचकर प्रसाद वितरण कर खुशी मनाई गई।

दीपावली का पर्व इस बार सोमवार को मनाया गया। पंचांगों के अनुसार दीपावली परंपरागत रुप से कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। इस बार अमावस्या की तिथि 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से प्रारंभ हुई जो दूसरे दिन 21 अक्टूबर को शाम 5.55 बजे तक जारी रही। ज्योतिष गणना के अनुसार 20 अक्टूबर को प्रदोष व्यापनी अमावस्या का संयोग था। इस दृष्टि से 20 अक्टूबर को ही दिवाली का मुहूर्त गोधूली बेला के बाद से शुरु हुआ विशेष पूजा का मुहूर्त शाम 7.10 बजे से रात 9.06 मिनट तक किया गया। लक्ष्मी पूजा के पूर्व गोधूलि बेला में ही घरों के सामने आकर्षक रंगोली सजाने का दौर शुरु हो गया था। हर घर के आंगन रंगोली से सजे नजर आ रहे थे। जैसे ही शुभ घड़ी की शुरुआत हुई लक्ष्मी पूजन भी किया जाने लगा और उसके बाद आस्था और विश्वास के साथ दीपावली के दीये से घर घर जगमगाए तथा आतिशबाजी की गई। जो देर रात तक जारी रही। कहीं कहीं आधी रात तक पटाखे फोड़े गए। विशेषकर शहरी इलाकों में पटाखे फोड़ने का दौर चलता रहा। यही स्थिति ग्रामीण अंचलों में भी नजर आयी वहां भी पटाखे फोड़ने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

### स्काउट गाइड इकाई ने बुजुर्ग के घर बिखेरी दिवाली की खुशियां



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की शासकीय हाई स्कूल, बुंदेली की स्काउट गाइड इकाई ने निर्धन परिवार के घर खुशियां बिखरने का कार्य किया। बुजुर्ग चमरीन बाई के मकान की रंगाई पोताई करने के साथ ही उनके साथ दीपावाली का त्योहार मनाया गया। प्राचार्य अनीता ओहरी के मार्गदर्शन और गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य के नेतृत्व में विद्यालय की स्काउट यूनिट डॉ. भीम राव अम्बेडकर ट्रूप एवं गाइड कंपनी मदर टेरेसा ग्राम पंचायत कोरकोमा के ग्राम मुदूनारा पहुंची। यहां निवासरत 80 वर्षीय निर्धन बुजुर्ग चमरीन बाई के घर दस्तक देते हुए मकान का मुआयना किया गया। चमरीन बाई से उनके घर की साफ सफाई एवं रंगाई पोताई किए जाने की अनुमति ली गई। गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य, स्काउट विवेक कुमार दिवाकर, स्वतंत्र आदिले, जय प्रताप कुर्रे तथा गाइड नेहा बघेल, श्रेया रात्रे, सुकेसनी, सुहानी, अदिति डहरिया, गायत्री साहू, नीलिमा पटेल ने दो दिनों तक श्रमदान किया। घर के आंगन के समक्ष रंगोली तैयार की गई। घर को दीपों से सजाया गया।

### शहर के बाजार में रही भारी रौनक

सोमवार की सुबह से ही शहर के निहारिका, घंटाघर, कोसाबाड़ी, ट्रांसपोर्ट नगर में फूल माला, केले के पेड़ सहित अन्य पूजा सामग्रियों के बेचने वालों की भारी भीड़ लगी हुई थी और निहारिका चौक पर सुबह से कई घंटे तक जाम की स्थिति भी निर्मित हो गई थी। सुबह से ही लोग अपने-अपने घरों के लिए पूजा पाठ की सामग्री लेने के लिए उमड़ पड़े थे और खासतौर पर इस दौरान केले का पौधा वह केले की जमकर बिक्री हुई। जहां एक केले का पौधा सौ रुपए में बेचा जा रहा था तो वहीं दूसरी ओर गेंदे का फूल 120 से 150 रुपए जोड़ी में बिक्री की जा रही थी। इस दौरान कमल के फूल अलग अलग दामों में बेचा जा रहा था।

### पटाखों की दुकानों से सजा था स्टेडियम

दीपावली के पर्व के लिए शहर के इंदिरा स्टेडियम में पटाखों का बाजार सजाया गया था तो वहीं दूसरी ओर शहर के उपनगरीय क्षेत्र में भी अलग-अलग स्थान में पटाखा के बाजार सजाए गए थे। बताया जाता है कि इस दिवाली में पटाखे की भी जमकर बिक्री हुई। बताया जाता है कि इस बार दीपावली के लिए अलग-अलग वैरायटी के पटाखे मंगाए गए थे जो बच्चों के लिए आकर्षक नए-नए डिजाइन के पटाखे की बंपर बिक्री हुई है।

## ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विवि में मनाया गया दीपावली स्नेह मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आध्यात्मिक उर्जा पार्क गेरवा घाट में दीपावली के अवसर पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, बीके रुक्मणि, बीके बिंदु मौजूद रहे। इस अवसर पर बीके बिंदु दीदी ने दीपावली का अध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा की दीपावली जिसे प्रकाश का पर्व कहा जाता है वास्तव में आत्मिक जागृति और अंधकार पर विजय का प्रतिक है, दीपावली केवल दीयोंऔर पटाखों कीबाहरी सजावट का पर्व नहीं बल्कि आत्मा के पुर्नजागरण का अवसर है। इस मौके पर जयसिंह ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और नकारात्मकता पर साकारात्मकता की विजय का प्रतिक है। आज के इस युग में जब मनुष्य बाहरी सुखो की खोज में व्यस्त है, तब ब्रह्माकुमारी जैसी संस्था हमे यह याद दिलाती है की सच्ची ख़ुशी अंतर्मन की शांति में है। कार्यक्रम को राजकिशोर प्रसाद, बीके रुक्मणि ने भी संबोधित किया। दीपावली के अवसर पर कन्याओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया साथ ही चैतन्य लक्ष्मी की झांकी भी लगायी गयी।

## वृद्धाश्रम में मना दीपोत्सव के साथ पुलिस ने वृद्धजनों के साथ किया भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपननत्व के भाव को परिभाषित करते हुए जिला पुलिस ने सामाजिक कार्यो की कई बानगी प्रस्तुत किए है जो कर्तव्य के साथ साथ आमजनों के प्रति अनुरक्ति के इस भाव को समाज मे उदाहरणीय के साथ साथ अनुकरणीय प्रतीत कराता है। इसी तरह प्रशंसा से भरे समाज को प्रेरित करने वाले कार्यो के इस क्रम में जिला पुलिस द्वारा दीपावली के महापर्व के अवसर पर वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ दीपावली के इस पर्व को मनाया गया। अपनत्व और सामाजिक दायित्व की मिसाल पेश करते हुए जिला पुलिस ने इस दीपावली पर सराहनीय पहल की। कर्तव्यों की व्यस्तता के बावजूद पुलिसकर्मियों ने दीपावली का पर्व वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ मनाया, जिससे समाज में सेवा और संवेदना का एक सकारात्मक संदेश गया।

पुलिस ने दीपावली के शुभ अवसर पर स्थानीय वृद्धाश्रम का दौरा किया और वहां रहने वाले वृद्धजनों के साथ दीप जलाकर त्योहार की शुरुआत की। बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों ने न केवल उन्हें मिठाइयाँ और उपहार भेंट किए, बल्कि उनके साथ बैठकर सामूहिक भोज भी किया। इस अवसर पर वृद्धजनों ने भावुक होकर पुलिस विभाग का आभार जताया और कहा कि यह दीपावली उनके लिए वर्षों बाद कुछ खास बनी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना ही असली सेवा है और इस तरह के आयोजन से उन्हें आत्मिक संतुष्टि मिलती है। जिला पुलिस की यह पहल ना केवल मानवता का उदाहरण है, बल्कि यह समाज के अन्य वर्गों को भी प्रेरणा देती है कि त्योहारों की खुशियाँ केवल अपनों तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि उन तक भी पहुँचनी चाहिए जो अकेलेपन और उपेक्षा का जीवन जी रहे हैं।



वृद्धजनों को भोजन कराते पुलिस कर्मी।

## श्री सप्तदेव मंदिर में अन्नकूट व श्री राणी सती दादी के मंगलपाठ का आयोजन



मंगलपाठ के दौरान श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री सप्तदेव मंदिर में प्रत्येक माह की अमावस्या पर माँ श्री राणी सती दादी का भव्य संगीतमय मंगलपाठ किया जाता है। इसी तारतम्य में कार्तिक शुक्ल पक्ष की अमावस्या मंगलवार को मंदिर परिसर में माँ श्री राणी सती दादी का मंगलपाठ संपन्न किया गया। इस दिन मंदिर में अन्नकूट, गोवर्धन पूजा भी थी एवं दीपावली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया था। मंदिर में दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक दादी जी का संगीतमय मंगलपाठ बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंगलपाठी बहनें अपने पारंपरिक परिधान नथ, चूड़ा, चुनरी आदि धारण कर मंदिर में उपस्थित थीं। सभी बहनों ने एक लय, एक राग और अनुशासन के साथ अत्यंत मनमोहक संगीतमय मंगलपाठ प्रस्तुत किया। इसके पश्चात आरती संपन्न हुई तथा प्रसाद वितरिता किया गया, तत्पश्चात मंगलपाठी बहनों ने गोवर्धन पूजा, अन्नकूट एवं दीपावली उत्सव की एक-दूसरे को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की।

## थ्री डी रंगोली...



**कोरबा।** नज़रों का धोखा और कला का कमाल, यह मिष्ठान नहीं, बल्कि प्राची अग्रवाल श्री कृष्णा हाइट्स, डीडीएम रोड के द्वारा बनाई गई 3डी रंगोली।

## भगवान धनवंतरी जयंती पर गूंजा आयुर्वेद का जयघोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भगवान धनवंतरी जयंती का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवंतरी की यह जयंती धनवंतरी जयंती समारोह के रूप में श्री शिव औषधालय, महानदी कॉम्प्लेक्स निहारिका में आयोजित की गई। समारोह महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत मुख्य आतिथ्य के रुप में उपस्थित रहे। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. उदय शर्मा की अध्यक्षता में तथा चंद्र किशोर श्रीवास्तव, रणधीर पांडे, अशोक तिवारी और पंडित शिवराज शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह की शुरुआत भारत माता और भगवान धनवंतरी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि वास्तविक धन निरोगी शरीर है। आज जब हम भगवान धनवंतरी जी का पूजन कर रहे हैं, तो यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प भी है। इसके पश्चात कुमारी राज नंदनी सोनी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत औषधीय पौधों एवं पुष्पहार देकर किया गया। गायक रमेश शर्मा ने अपने गीत से देशभक्ति का ज्वार उत्पन्न कर दिया। गायक संदीप शर्मा एवं पंडित शिवराज शर्मा ने भगवान श्रीराम पर आधारित भजन की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के अध्यक्ष डॉ. उदय शर्मा ने कार्यक्रम को भी संबोधित किया। समारोह में डॉ. राजेश राठौर, डॉ. सुरेंद्र मिश्रा, डॉ. केके पोद्दार, डॉ. प्रदीप देवांगन, डॉ. अश्विनी आर्य, डॉ. अतुल धाबू, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. संजय वैष्णव, डॉ. राजीव पटेल, डॉ. स्वर्ण सिंह चंद्रा, डॉ. नीता साहू, और अन्य चिकित्सकों का योगदान रहा।



पूजा अर्चना करते महापौर संजू देवी राजपूत एवं अन्य।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-भैंसमा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक 09/ तह. / वाचक / 2025
भैसमा दिनांक- 14/10/2025
रा.प्र.क्र......../बी-121/2025-26, ग्राम- चचिया, प.ह.नं. 13, तहसील- भैसमा, जिला-कोरबा (छ0ग0)

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम लुदूखेत (चचिया), प.ह.नं. 13, रा.नि.मं.- पसरखेत, तहसील-भैसमा, जिला-कोरबा (छ0ग0) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री करमनाथ राठिया पिता स्व. संतराम राठिया, उम्र 32 वर्ष, जाति कंवर, निवासी ग्राम लुदूखेत (चचिया), प.ह. नं. 13, रा.नि.मं.- पसरखेत, तहसील भैसमा, जिला-कोरबा (छ0ग0) के पत्नी स्व. धन्नो बाई राठिया पति करमनाथ राठिया की मृत्यु दिनांक 25/02/2025 को स्थान ग्राम- लुदूखेत (चचिया), प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. पसरखेत, तहसील भैसमा, जिला कोरबा (छ०ग०) में होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु शपथ पत्र, पंचनामा, अनुलब्धता प्रमाण पत्र, मतदाता परिचय पत्र एवं चालान के साथ आवेदन पेश किया है।

उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो या हित रखते हो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 28/10/2025 को प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जावेगा।आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**भैसमा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

## महापौर ने डेंगूरनाला छठघाट का किया निरीक्षण, दिए सफाई व सुविधाओं के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्वांचल समाज का सबसे बड़ा पर्व छठ पूजा इस वर्ष 25 से 28 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इसे लेकर देशभर में तैयारियां जोरों पर हैं। नगर निगम भी छठ पर्व की तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी क्रम में बुधवार को महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने डेंगूरनाला छठ घाट का निरीक्षण किया और वहां की साफ-सफाई और सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने घाट की सफाई, रोशनी की उचित व्यवस्था और महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को कहा। महापौर ने बताया कि नगर निगम द्वारा कुल 23 छठ घाटों पर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा पूर्वांचल समाज का सबसे बड़ा पर्व है, जिसे पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम सभी जरूरी इंतजाम कर रहा है। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद श्री चंद्रलोक सिंह भी उपस्थित रहे, जो हर साल छठ पूजा की तैयारियों में सक्रिय रहते हैं।

सफाई अधिकारी श्री संजय तिवारी ने बताया कि निगम की टीमें हर छठ घाट का निरीक्षण कर रही हैं और साफ-सफाई के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस अवसर पर पार्षद चंद्रलोक सिंह, सफाई अधिकारी संजय तिवारी, भूषण उरांव समेत निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



छठघाट का निरीक्षण करती महापौर।

### गौशाला में दाना, कुट्टी, दवाई का किया वितरण

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमति शशि दुहन एवं उपाध्यक्षगणों के मार्गदर्शन में ऊर्जा महिला समिति कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा बुधवार को ग्राम चुनचुनी बस्ती, आदर्श नगर (पानी टंकी के पास) के पास स्थित एक गौशाला (श्री कृष्ण गौसेवा धाम) जहां बीमार, असहाय या दुर्घटना से अनाथ हुए गाय और उनके बछड़े को रखा जाता हैं और उनकी टीम सभी गाय और बछड़े का ध्यान रखते हैं। गोवर्धन पूजा के अवसर पर सामाजिक कार्य के अंतर्गत उनकी जरूरत के हिसाब से मदद किया गया तथा गौशाला में दाना बोरी, कुट्टी बोरी, फल और दवाइयों का सहयोग प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### इंडियाज गोट टैलेंट सीजन 11 में जिले की सृष्टि का चयन



**कोरबा।** सोनी टीवी का प्रसिद्ध शो इंडियाज गोट टैलेंट सीजन 11 में प्रदेश की म्यूजिकल टीम द रियल सिंफनी एंड एक्वायर (बैंड) द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। जिसमें जिले की सृष्टि शर्मा का चयन सेमीफाइनलिस्ट रही। जिसे 19 अक्टूबर को सोनी टीवी द्वारा उक्त शो को दिखाया गया। सृष्टि शर्मा ने छत्तीसगढ़ के 20 कलाकारों के साथ बैंड रियल सिम्फनी और क्वायर के साथ इंडिया गॉट टैलेंट सीजन 11 के मंच पर सिंगर के रूप में अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें गोल्डन बजर की प्राप्ति के साथ सेमीफाइनलिस्ट रही। उन्होंने अपनी प्रस्तुति को देते हुए जजों और श्रोताओं का दिल जीता। जिसमें जजों के द्वारा मंच पर गोल्डन बाजर के साथ सेमी फाइनलिस्ट घोषित किया गया और जजों के द्वारा मंच पर कलाकारों को गले लगाते हुए प्रोत्साहित किया। सृष्टि शर्मा मानिकपुर निवासी मीनेष शर्मा एवं किरण शर्मा की सुपुत्री हैं।

### साडा स्कूल के छात्राओं ने केसीसी कॉलेज का किया शैक्षणिक भ्रमण




**कोरबा।** कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय (केसीसी) कॉलेज में शासकीय कन्या उमा विद्यालय साडा के छात्र/छात्राएँ, व्याख्याता अनिल शर्मा के निर्देशन में, आरएमएसए के तहत संचालित, व्यवसायिक पाठ्यक्रम आईटी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कैरियर एवं आईटी के क्षेत्र में वर्तमान में डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स की जानकारी के अलावा कम्प्यूटर विषय की गहन जानकारी जो कि उनके आने वाले भविष्य में मददगार होंगे, महाविद्यालय के शिक्षक सुरभि राठौर, सुरभि कुण्डू एवं रीना लहरे द्वारा दी गई। इस शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल के द्वारा आने वाले समय में आई टी के क्षेत्र में विद्यार्थियों के क्या भविष्य है इस संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उपरोक्त प्रशिक्षण के दौरान लगभग 115 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों को कम्प्यूटर लैब, सेमीनार हॉल, लायब्रेरी एवं अन्य कक्षों का भ्रमण कराया गया तथा कम्प्यूटर लैब में छात्रों को कम्प्यूटर लैंग्वेज एवं विभिन्न सॉफ्टवेयर की जानकारी रोचक तरीके से दी गई। शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगणों एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

### कैबिनेट मंत्री व राजस्व मंत्री का सतनामी समाज ने किया स्वागत



**कोरबा।** गत दिनों छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग व सतनामी समाज के धर्मगुरु और छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा का कोरबा नगर आगमन होने पर जिले के सतनामी समाज के वरिष्ठजनों ने स्वागत किया। साथ ही समाज की गतिविधियों को लेकर चर्चा किया इस बीच सतनामी समाज के वरिष्ठजनों में अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े नारायण लाल कुर्रे, यू आर महिलांगे, आरडी भारद्वाज, नरेश टंडन, राजेश लहरे, बबलू डहरिया, सुनीता पाटले, सरजू, अजय राज महंत, रामचंद्र पाटले, जेपी कोसले, लखनलाल लहरे, त्रिवेंद्र आदिले सहित समाज के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी ने स्वागत किया। गुरु खुशवंत साहिब ने उपस्थित सैन समाज को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से समाज की किसी भी प्रकार की कोई समस्या होगा तो मैं उसे निराकरण करने में हरसंभव प्रयासरत रहूंगा लेकिन आप सभी को सदैव संगठित होकर रहना पड़ेगा तभी समाज का विकास संभव हो पाएगा। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मान गोपाल मोदी पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिंह, दिनेश वैष्णव, प्रकाश पालीवाल के साथ ही बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

### भूविस्थापितों ने लिया शोषण के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प, धरना जारी

# दीपावली पर भू-विस्थापितों का अनोखा प्रदर्शन सीजीएम की तस्वीर की पूजा कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा








गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने दीप प्रज्जवलित कर विरोध प्रदर्शन करते भूविस्थापित एवं किसान सभा के पदाधिकारी।

एसईसीएल गेवरा और कुसमुंडा क्षेत्र के भूविस्थापितों ने महाप्रबंधक कार्यालयों के सामने दीप जलाकर अनोखे तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन जताया। दीपावली पर्व पर भी भूविथापितों द्वारा अपनी मांगों को लेकर गेवरा क्षेत्र के भिलाई बाजार और कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन जारी रखा गया है। भूविस्थापितों ने गुरूवार को गेवरा खदान बंद आंदोलन की चेतावनी दी है।

एसईसीएल गेवरा और कुसमुंडा क्षेत्र के भूविस्थापितों ने दीवाली के समय भी एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के भिलाई बाजार के पास और कुसमुंडा मुख्यालय पर धरना जारी रखा है। वे अधिग्रहित भूमि के एवज में लंबित रोजगार, प्रत्येक छोटे खातेदार को रोजगार देने और प्रत्येक विस्थापितों को बसावट की मांग कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपनी जमीन देकर देश-दुनिया को रोशन करने का काम किया और जिले को ऊर्जाधानी के रूप में पहचान दिलाई, आज वहीं परिवार रोजगार के लिए भटक रहे हैं। इसलिए भूविस्थापितों ने एसईसीएल के मुख्यालयों पर दीप जलाकर विरोध प्रकट किया और एसईसीएल के दमन और तानाशाही के खिलाफ 23 अक्टूबर को गेवरा खदान बंद करने का ऐलान किया है। इस दीवाली पर भूविस्थापितों ने मुख्यालय गेट पर दीप जलाकर शोषण के खिलाफ अपने संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया। कुसमुंडा मुख्यालय के सामने दीप जलाने वालों में प्रमुख रूप से दामोदर श्याम, रेशम यादव, होरी, कृष्णा और गेवरा मुख्यालय में दीपक साहू, रमेश दास, गुलाब दास, प्रशांत झा, बिमल दास, पवन, प्रकाश, हीरा सिंह, सतीश, कैलाश, देवलाल चंद्रा, पवन के साथ अन्य भूविस्थापित किसान उपस्थित थे। एसईसीएल गेवरा प्रबंधन द्वारा नव सूत्रीय मांगों को अनसुना करते हुए विरोध के बावजूद पुलिस और प्रशासन की मदद से जबरन खदान विस्तार का काम शुरू किया है, जिसके विरोध में 23 अक्टूबर को गेवरा खदान बंद की घोषणा छत्तीसगढ़ किसान सभा ने की है और प्रत्येक छोटे खातेदारों को एकजुट होकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि प्रत्येक छोटे खातेदार को रोजगार देने और प्रत्येक विस्थापितों को बसावट सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। उन पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है इसके उलट, ग्रामीणों पर दबाव बनाने और उन्हें डराने-धमकाने का काम किया जा रहा है, प्रशासन का सहारा लेकर बंदूक की नोंक पर खदान विस्तार का काम किया जा रहा है जिसका किसान सभा विरोध करती है। गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापित मांग करते हैं कि प्रशासन तुरंत इस जबरन खोदाई को रोके और उनकी मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय ले।

### महिला भूविस्थापितों ने शुरू की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल



एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित महिला भूविस्थापितों ने रोजगार की मांग को लेकर दीपावली पर्व से कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रबंधन द्वारा रोजगार के खिलाफ किए गए वादाखिलाफी को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान महिला भूविस्थापितों ने कुसमुंडा महाप्रबंधक की तस्वीर लगाकर उसके सामने रंगोली बनाई और दीप प्रज्वलित कर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। भूविस्थापितों ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा पिछले 22 वर्षों से उनकी अधिग्रहित भूमि के बदले मिलने वाले रोजगार के लिए बार-बार गुमराह किया जा रहा है और झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं उनका कहना है कि जानकारी मांगने पर भी उन्हें कोई सूचना नहीं दी जाती है, जिससे वे मानसिक और आर्थिक रूप से त्रस्त हो चुके हैं उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा जमीन-जायदाद को गुमराह करके छीन लिया गया है, जिससे वे भूखे रहने पर मजबूर हैं और उनके बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने वाली महिलाओं में गोमती केंवट, बसंती बाई बिंझवार, सरिता मंझवार, मीना बाई कंवर, इंद्राबाई गोसाई, काजल सारथी, कुमारी अदिति, कुमारी मानसी, सहरतीन बाई मंझवार, सूरज बाई, रामकुंवर बिंझवार, टिकेत राम बिंझवार, अनीता गोसाई शामिल हैं।

# उद्योग मंत्री ने 52 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात



भूमिपूजन के दौरान उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग, वाणिज्य, श्रम व आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के वार्ड क्र. 54 व 55 को साढे.52 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात दी। दर्री जोन के सुमेधा बस्ती में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने 3 नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। तत्काल कार्य प्रारंभ कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निगम द्वारा वार्ड क्र. 54 जमनीपाली अंतर्गत प्राथमिक शाला बरेड़ीमुडा में जिला खनिज न्यास मद से 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से शाला के नवीन भवन का निर्माण किया जाना हैं। वहीं वार्ड क्र. 54 जमनीपाली के ही अंतर्गत प्राथमिक शाला डुमरमुड़ा में जिला खनिज न्यास मद से 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से शाला में नवीन भवन का निर्माण होना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 55 सुमेधा में पार्षद निवास के सामने निगम मद से 18 लाख 50 हजार रूपये की लागत से नाली का निर्माण भी किया जाना हैं। भूमिपूजन के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने तीनों विकास कार्यों का भूमिपूजन कर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे सहित निगम के पार्षद व जनप्रतिनिधिगण तथा काफी संख्या में बस्ती के नागरिकगण उपस्थित थे।

### नहीं टूटेगा जनता जनार्दन का भरोसा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं मेरे प्रति जो भरोसा दिखाया है, वह भरोसा कभी नहीं टूटने दिया जाएगा, यह निश्चित है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के लगातार मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र के सभी वार्ड, बस्तियों, मोहल्लों, पारों में वहां के आमजन की मंशा व उनकी मांग के अनुसार लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं, जो आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि 52 लाख 40 हजार रूपये के नए विकास कार्य शुरू हुए हैं, जो उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की ही देन है।

# कोरबा चांपा एनएच में जानलेवा गड्ढे दे रहे हादसों को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 149 बी कोरबा-चाम्पा में एनएचएआई प्रबंधन की उदासीनता, ठेकेदार की लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ रही। मड़वारानी मंदिर से लगे सर्विस रोड तकनीकी मानकों गुणवत्ता की अनदेखी से जानलेवा बन चुकी है। अधुरे सड़क, सर्विस रोड के साथ टोल प्लॉजा के जरिए टोल वसूली में मस्त एनएचएआई के जिम्मेदार अफसरों, ठेकेदार की मनमानी की वजह से जर्जर सर्विस रोड गंभीर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। वहीं प्रशासन की मूकदर्शक वाली भूमिका आस्था के साथ मंदिर पहुंचने वाले लोगों के मन में शासन प्रशासन के प्रति अविश्वास की भावना उत्पन्न कर रही है।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 149 बी कोरबा-चाम्पा मार्ग के स्वीकृति से लेकर तैयार होने में जिस तरह का लंबा इंतजार, कष्ट मड़वारानी, बरपाली वासियों को सहन करने पड़े हैं, शायद ही किसी प्रोजेक्ट में देखने को मिले। लेकिन देर सबेर जब उरगा से सरायपाली तक फोरलेन तैयार हुई है तो उसमें भी आधी अधूरी सर्विस रोड के बीच 2 माह पूर्व ही पचपेड़ी में टोल प्लॉजा शुरू कर टोल वसूली शुरू कर दी गई है। एनएचएआई के इस मनमानी के खिलाफ विरोध के स्वर भी फूटे थे, लेकिन वो भी कुछ समय बाद ठंडे पड़ गए और मार्ग में टोल वसूली की जा रही है, जबकि बरपाली में एवं मड़वारानी में पूरी तरह डामरीकृत सर्विस रोड तैयार नहीं किया जा सका है। बरपाली में अंडर ब्रिज से आगे का हिस्सा राइस मिल के कोर्ट प्रकरण की वजह से अटका है तो उसी लाइन के शेष अविवादित हिस्से में भी एनएचएआई के फर्म ने सर्विस रोड का पक्कीकरण नहीं किया। बात करें मड़वारानी की तो यहां सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मड़वारानी मंदिर से लगे सर्विस रोड के निर्माण में इस कदर गुणवत्ता की अनदेखी कर ठेकेदार ने खानापूर्ति की थी कि पहली ही बरसात में ही सर्विस रोड की धज्जियाँ उड़ गई। बरसात भर मुसाफिरों, माँ मड़वारानी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासियों को जर्जर सर्विस रोड में हिचकोले खाने पड़े। लेकिन अब बरसात बीतने के बाद भी एनएचएआई सर्विस रोड की सुध नहीं ले रही। मंदिर में पूजन सामाग्री विक्रेताओं ने बताया कि बरसात के पूर्व अफसरों ने आश्वस्त किया था कि बरसात के बाद सर्विस रोड की मरम्मत कराई जाएगी पर अभी तक वे अपने वादों पर अमल नहीं कर सके। नतीजन मुसाफिरों मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की मुसीबतें बढ़ गई है। सड़क में जमा पानी, कीचड़ भी वाहनों के चलने से निर्माणाधीन मंदिर तक आ पहुंचते हैं। जिससे लोगों की आस्था भी आहत हो रही है।

# सतनाम प्रांगण में 64 लाख से बनेगा डोम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर स्थित सतनाम प्रांगण में विधायक निधि से 64 लाख रूपये की लागत से भव्य व विशाल डोम का निर्माण कराया जाएगा। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने किया भूमिपूजन, बाबा गुरुघासीदास व जैतखंभ की पूजा अर्चना की

मंत्री लखनलाल देवांगन ने उक्त महत्वपूर्ण डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर बाबा गुरूघासीदास व जैतखंभ की पूजा अर्चना भी की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की।

निगम द्वारा उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की विधायक निधि द्वारा स्वीकृत व 64 लाख रूपये की लागत से टीपी नगर स्थित सतनाम प्रांगण में भव्य व विशाल डोम का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। मंगलवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बतौर मुख्य अतिथि उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व समाज के वरिष्ठजनों से चर्चा के दौरान मैंने वादा किया था कि विधायक निधि से सतनाम प्रांगण में भव्य डोम का निर्माण कराया जाएगा, बाबा गुरूघासीदास के आशीर्वाद से आज यहां पर उक्त डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन सम्पन्न किया गया है।

बाबा गुरूघासीदास हम सबको शक्ति प्रदान करें कि उनके आशीर्वाद से हम आमजन मानस के हित में लगातार कार्य करें, जिले व प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास, एमआईसी सदस्य धनकुमारी गर्ग, पार्षद प्रेमलता बंजारे, सरोज महिलांगे, सुशील गर्ग, केके लहरे, आरके खाण्डे, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, दर्री मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे, नारायण लाल कुर्रे, यूआर महिलांगे, मीना लहरे, सुकुरत कुर्रे, पुष्पा आदिले, एसडी दीवान, अंकित पाटले, सरजू अजय, रमाशंकर साहू, विजय गुप्ता, सुनीता पाटले, बरखा कुर्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### बच्चे व युवाओं के पसंदीदा पटाखों से सजा था बाजार

# इस बार खूब बिके पटाखे, 5 करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मौसम की उतार चढ़ाव के बीच इस बार दीवाली मनाई गई। इसके लिए शहरी, उपनगरीय व ग्रामीण अंचल में पटाखे का बाजार भी लगाया गया था। इस दीवाली में हर बार की तरह पटाखा व्यवसायियों के यहां ग्राहकों की भीड़ देखी गई। यदि व्यवसायियों की मानें तो इस बार दीवाली पर्व पर पूरे जिले में लगभग 5 करोड़ से अधिक के पटाखे जलाए गए।

कार्तिक मास के अमावस्या तिथि को दीपों का पर्व दीवाली मनाया जाता है। यह पर्व हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार है। जिसमें मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जाती है। लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं देते हैं। यह पर्व पटाखे और दीपों की रोशनी के बिना अधूरा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले में पटाखा दुकानें लगाई गई थी। सर्वाधिक 137 दुकानें इंदिरा स्टेडियम में लगी थी। इसी तरह दर्री, कटघोरा, बालको, बांकीमोंगरा, रजगामार, उरगा, हरदीबाजार, पाली और कोयलांचल क्षेत्र में भी सैकड़ों की संख्या में पटाखा दुकानों का संचालन किया गया। दीपावाली तक यह पटाखा बाजार का कारोबार व्यापारियों के लिए जुए की तरह होता है। सभी पटाखा व्यापारी यही कोशिश करते हैं कि कम से कम 75 प्रतिशत पटाखा बिक जाए, नहीं तो कम से कम मूलधन तो निकलना जरूरी है। पटाखों को लेकर खासकर बच्चे बेहद उत्साहित होते हैं। हालांकि बच्चों के लिए बड़े पटाखे काफी खतरनाक हो सकते हैं, लेकिन वे मानते कहां हैं। वहीं युवा वर्ग इसके खास दीवाने होते हैं। पटाखा जलाने के मामले में इनकी संख्या सर्वाधिक होती है। यही कारण है कि व्यापारी युवाओं को लुभाने के लिए उनकी मनपसंद के पटाखे चुनते हैं। दुकानों में हमेशा की तरह फुलझरी, छोटे पटाखे, चुटपुट, अनार, चकरी, मिर्ची पटाखों से बाजार भरा हुआ है। 26 वर्षों से पटाखे का कारोबार करने वाले विनोद अंतरानी का कहना है कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो इस बार पटाखा का कारोबार 5 से 6 करोड़ के आसपास तक हो सकता है। हालांकि पटाखे की आवाज धनतेरस के दिन से ही गूंजनी शुरू हो गई थी, जो लगातार पांच दिनों तक जारी रही। व्यवसायियों का कहना है कि हर वर्ग की रूचि को देखते हुए पटाखे बिक्री के लिए सजाया गया था, जिसमें प्रमुख रूप से भारी साउंड, बड़े पटाखे, लड़ियां, राकेट, टाप टाइगर जैसे पटाखे शामिल हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411